An herbivore eats food that provides 1,000 kJ of energy of which, 500 kJ is lost in faeces, 350 kJ is used in cellular respiration, and 150 kJ is used for growth. The percent production efficiency of the herbivore is:

1. 50
2. 35
3. 30
4. 15

किसी शाकाहारी जीव को भोजन से 1000 kJ ऊर्जा प्राप्त हुई । इसमे से 500 kJ विष्ठा के साथ त्याग दिया, 350 kJ कोशिकीय श्वसन मे खर्च हो गए और 150 kJ वृद्धि संबंधी कार्यों में व्यय हुए। इस शाकाहारी जीव की प्रतिशत उत्पादन दक्षता है:

1. 50
2. 35
3. 30
4. 15

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

57 703257 2.0 0.50

Which one of the following pollutants does **NOT** concentrate in organisms at higher trophic levels due to biomagnification?

1. Mercury
2. Phosphate
3. Persistent Organic Pollutants (POPs)
4. Selenium

निम्न में से कौन सा प्रदूषक तत्व जैवआवर्धन के कारण उच्चतर पोषण स्तर के जीवों में सांद्रित **नहीं** होता?

1. पारा (मर्करी)
2. फॉस्फेट
3. दीर्घस्थायी कार्बनिक प्रदूषक (POPs)
4. सेलेनियम

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Adda247

Objective Question

58 703258 2.0 0.50

What is the typical maximum sustainable yield for a fish population, given that its carrying capacity (*K*) is 20,000 and intrinsic growth rate (*r*) is 0.15?

1. 1,333
2. 1,500
3. 3,000
4. 6,666

मछली की एक आबादी की वहन क्षमता (*K*) 20,000 है और इसकी आंतरिक वृद्धि दर (*r*) 0.15 है, तो इस आबादी की अधिकतम दीर्घकालिक लब्धि (मैक्सिमम सस्टेनेबल यील्ड) कितनी होगी?

1. 1,333
2. 1,500
3. 3,000
4. 6,666

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

59 703259 2.0 0.50

According to the latest IUCN Red List (2022), which one of the following groups has the highest percentage of assessed species that are threatened with extinction?

1. Amphibians
2. Birds
3. Mammals
4. Reptiles

IUCN की नवीनतम लाल सूची (रेड लिस्ट) (2022) के अनुसार, निम्न में से किस समूह की आँकी गई प्रजातियों की अधिकतम प्रतिशतता पर विलुप्त हो जाने का खतरा मँडरा रहा है?

1. उभयचर
2. पक्षी
3. स्तनधारी
4. सरीसृप

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Adda247

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 60 | 703260 | Which one of the following is **NOT** an example of learning?<br><br>1. Imprinting<br>2. Fixed action pattern<br>3. Operant conditioning<br>4. Habituation<br><br>निम्न में से कौन सीखने (लर्निंग) का उदाहरण **नहीं** है?<br><br>1. अधिचिन्हन (इम्प्रिन्टिंग)<br>2. स्थिर क्रिया प्रणाली (फिक्स्ड ऐक्सन पैटर्न)<br>3. ओपेरेंट अनुकूलता (कंडीसनिंग)<br>4. अभ्यास हो जाना (हैबीचुएसन)<br><br>A1 : 1<br>1<br>A2 : 2<br>2<br>A3 : 3<br>3<br>A4 : 4<br>4 | 2.0 | 0.50 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 61 | 703261 | Which one of the following statements about the molecular clock hypothesis as proposed by Zuckerkandl and Pauling 1962 is CORRECT?<br><br>1. DNA and protein sequences evolve at a relatively constant rate.<br>2. DNA sequences evolve at a relatively slow rate when compared to proteins.<br>3. Amino acid sequences evolve stochastically.<br>4. Protein sequences do not evolve even when DNA evolves at a constant rate.<br><br>Zuckerkandl और Pauling द्वारा 1962 में प्रस्तावित आण्विक घड़ी परिकल्पना के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?<br><br>1. DNA और प्रोटीन के अनुक्रम का उद्विकास अपेक्षाकृत एक नियत दर से होता है ।<br>2. DNA अनुक्रम का उद्विकास प्रोटीन की तुलना में अपेक्षाकृत नीची दर से होता है ।<br>3. अमीनो अम्लों के क्रम प्रसंभाव्य रूप (स्टोकेस्टिकली) से उद्विकसित होते हैं ।<br>4. जब DNA एक नियत दर से उद्विकास कर रहा होता है प्रोटीन अनुक्रम उद्विकसित नहीं होता है।<br><br>A1 : 1<br>1<br>A2 : 2<br>2<br>A3 : 3<br>3<br>A4 : 4<br>4 | 2.0 | 0.50 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 62 | 703262 | | 2.0 | 0.50 |

Adda247

Juvenile hormone is secreted by which one of the following glands?

1. Corpus allatum
2. Pituitary
3. Pineal
4. Labial

किशोर (जुवेनाइल) हॉर्मोन का स्रावण निम्न में से किस ग्रन्थि से होता है?

1. अंडाभ पिंड (कॉर्पस अलैटम)
2. पीयूष
3. पिनियल
4. ओष्ठीय (लैबियल)

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

63 703263 2.0 0.50

Absence of dormant buds and absence of annual growth rings in a fossilized trunk specimen of a coal swamp plant indicates:

1. long dry seasons.
2. slow growth rate.
3. highly fluctuating seasons.
4. unvarying, seasonless climate.

किसी कोयला अनूप (कोल स्वैम्प) पौधे के जीवाश्मीकृत तने के नमूने में प्रसुप्त कलिकाओं और वार्षिक वृद्धि वलयों का अभाव पाया जाना यह दर्शाता है:

1. लंबी शुष्क ऋतुएं ।
2. धीमी वृद्धि दर ।
3. अति-उच्चावचन (फ्लक्चुएटिंग) की ऋतुएं ।
4. अपरिवर्तनीय ऋतुविहीन जलवायु ।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

Adda247

4

Objective Question

64 703264

To evaluate insulin-dependent diabetes, clinicians prefer evaluating mono-glycated hemoglobin, referred to as HbA1c, which occurs due to a nonenzymatic reaction between glucose and a few amino acids in hemoglobin. Which of the following amino acids are likely to be involved in the modification of hemoglobin?

1. Asparagine and Glutamic acid
2. Proline and Tryptophan
3. Glutamine and Aspartic acid
4. Valine and Lysine

इंसुलिन पर निर्भर मधुमेह रोग का मूल्यांकन करने के लिए निदानविद् (क्लिनिसियन) एकल-ग्लाइकेटेड हीमोग्लोबिन (HbA1c) की जाँच करने को वरीयता देते हैं। HbA1c, ग्लूकोज और हीमोग्लोबिन के कुछ अमीनो अम्लों के मध्य एन्ज़ाइम रहित अनुक्रिया के कारण बनता है । निम्नलिखित में से कौन से अमीनो अम्लों की हीमोग्लोबिन के इस रूपांतरण में सम्मिलित होने की संभावना है?

1. एस्पैराजीन और ग्लूटामिक अम्ल
2. प्रोलीन और ट्रिप्टोफैन
3. ग्लूटामिन और एस्पार्टिक अम्ल
4. वैलीन और लाइसीन

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

2.0 0.50

Adda247

Objective Question

65 703265

Which one of the following strategies will generate the most precise mutation at the predetermined location of a plant genome?

1. CRISPR/Cas9 editing
2. T-DNA insertion mutagenesis
3. Transposon mutagenesis
4. Targeting Induced Local Lesions in Genomes (TILLING)

निम्न में से कौन सी योजना पौधों के जीनोम के किसी पूर्व-निर्धारित स्थान पर सबसे सटीक उत्परिवर्तन निर्मित करेगी?

1. क्रिस्पर/कैस9 सम्पादन (एडिटिंग)
2. T-DNA अंतर्निवेश (इंसर्सन) उत्परिवर्तजनन
3. परिवर्तशील (ट्रांसपोजॉन) उत्परिवर्तजनन
4. टारगेटिंग इनड्यूस्ड लोकल लीजन इन जीनोम्स (TILLING)

A1: 1

1

2.0 0.50

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| 66 | 703266 | | 2.0 | 0.50 |
|---|---|---|---|---|

Which one of the following is the major antibody in the early stages of a primary immune response?

1. IgA
2. IgM
3. IgD
4. IgE

निम्न में से कौन सा प्राथमिक प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की प्रारम्भिक दशाओं का प्रमुख प्रतिरक्षी है?

1. IgA
2. IgM
3. IgD
4. IgE

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Adda247

Objective Question

| 67 | 703267 | | 2.0 | 0.50 |
|---|---|---|---|---|

Using patch-clamp technique, one can find the ligands that could influence specific ion channel. How many molecules of acetylcholine are required to open an acetylcholine receptor ion channel in such an experiment?

1. One
2. Two
3. Three
4. Four

पैच-क्लैंप तकनीकी का उपयोग करके, विशिष्ट आयन चैनलों को प्रभावित करने वाले पदार्थों की पहचान की जा सकती है। ऐसे ही किसी प्रयोग में एसीटिलकोलिन ग्राही आयन चैनल को खोलने के लिए एसीटिलकोलिन के कितने अणुओं की आवश्यकता होगी?

1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| 68 | 703268 | | 2.0 | 0.50 |
|---|---|---|---|---|

Which microscope is typically used to detect a single fluorescent molecule?

1. DIC microscope
2. Epifluorescence microscope
3. TIRF microscope
4. Phase contrast microscope

निम्न में से कौन सा सूक्ष्मदर्शी एकल प्रतिदीप्त (फ्लोरोसेंट) अणु की पहचान के लिए सामान्यतः उपयोग में लाया जाता है?

1. DIC सूक्ष्मदर्शी
2. अधिप्रतिदीप्त (एपिफ्लोरोसेंट) सूक्ष्मदर्शी
3. TIRF सूक्ष्मदर्शी
4. कला विपर्यासी (फेज कंट्रास्ट) सूक्ष्मदर्शी

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| 69 | 703269 | | 2.0 | 0.50 |
|---|---|---|---|---|

Adda247

Using an analytical ultracentrifugation sedimentation velocity run, a researcher has calculated the S value (Svedberg units) of a part of the freshly purified 12 kDa enzyme to be ~ 1.83, corresponding to its monomeric state. However, during an identical run of the remaining protein after 2 days, the researcher finds that the S value increased to ~ 2.57. What would be the correct conclusion about the enzyme in question?

1. The enzyme is aggregated and forms a homo octamer.
2. The enzyme is monomeric but is now associated with the buffer components.
3. The enzyme has undergone monomer to a homodimer transition.
4. The enzyme has degraded due to autocatalytic activity.

विश्लेषणात्मक पराअपकेन्द्रण अवसादन (एनालिटीकल अल्ट्रासेन्ट्रीफ्यूगेसन सेडिमेंटेसन) वेग प्रक्रिया द्वारा एक शोधकर्ता ने ताजा शोधित 12 kDa आकार वाले किसी प्रोटीन के एक हिस्से का S-मान (स्वेडबर्ग इकाई) ~ 1.83 निर्धारित किया जो उसकी एकलक अवस्था के संगत है । लेकिन 2 दिन बाद उसी प्रोटीन का एकरूप (आइडेंटिकल) विश्लेषण करने पर शोधकर्ता ने S-मान बढ़ा हुआ ~ 2.57 पाया। इस एन्ज़ाइम के विषय में सही निष्कर्ष क्या होगा?

1. एन्ज़ाइम संग्रहीत (एग्रीगेट) होकर सम-अष्टलक का निर्माण करता है ।
2. एन्ज़ाइम एकलकी है परंतु अब बफर के घटकों से जुड़ गया है ।
3. एन्ज़ाइम एकलक से सम-द्विलक संक्रमण दर्शा रहा है ।
4. एन्ज़ाइम स्व-उत्प्रेरित क्रिया के कारण विघटित हो गया है ।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

70 703270 2.0 0.50

A researcher measures the height of 50 teak trees in wet and dry habitats. Which one of the following options is an appropriate statistical test to determine if heights significantly differ in wet and dry habitats?

1. Student's t-test
2. Chi-square test
3. Regression analysis
4. Discriminant analysis

एक शोधकर्ता नम और शुष्क निवास स्थानों में सागौन के 50 पेड़ों की ऊँचाई मापता है। यदि नम और शुष्क निवास स्थानों में सागौन की ऊँचाई सार्थक रूप से परिवर्तित होती है तो इसको निर्धारित करने के लिए निम्न में से कौन सी सांख्यिकीय जाँच उपयुक्त होगा?

1. स्टूडेंट्स t-जाँच
2. काई-स्क्वेयर जाँच
3. समाश्रयण (रिग्रेसन) विश्लेषण
4. विविक्तकर (डिसक्रिमिनैन्ट) विश्लेषण

Adda247

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

71 703271 4.0 1.00

If the length of a single continuous α-helical polypeptide is 108 Å, which one of the following statements is true?

1. The α-helix contains 72 amino acids without Proline(s) and Glycine(s)
2. The α-helix contains 76 amino acids without Alanine(s) and Valine(s)
3. The α-helix contains 80 amino acids without Lysine(s) and Aspartic Acid(s)
4. The α-helix contains 74 amino acids without Arginine(s) and Histidine(s)

यदि किसी एकल सतत α-कुंडलित पॉलीपेप्टाइड की लंबाई 108 Å है तो निम्न में से कौन सा कथन सही है?

1. यह α-कुंडली, प्रोलीन और ग्लाइसीन रहित है और इसमे 72 अमीनो अम्ल हैं ।
2. यह α-कुंडली, एलानीन और वैलिन रहित है और इसमे 76 अमीनो अम्ल हैं ।
3. यह α-कुंडली, लाइसीन और एस्पार्टिक अम्ल रहित है और इसमे 80 अमीनो अम्ल हैं ।
4. यह α-कुंडली, आर्जीनिन और हिस्टिडीन रहित है और इसमे 74 अमीनो अम्ल हैं ।

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Adda247

Objective Question

72 703272 4.0 1.00

Which one of the sequences given below is a portion of a potential microRNA precursor?

1. 5' GTAGCGTAGCAGTAGTTAAGCGCTTAAGCU 3'
2. 5' AUUCUUGACGAUUAACGCGCAUAACCAUC 3'
3. 5' GUUUUCCCUAAAAUUUUGAGACCCCAUAG 3'
4. 5' UAGGGGUUUUUGCCUCCAACUGACUCCUA 3'


निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम संभावित पूर्ववर्ती (प्रिकरसर) सूक्ष्म RNA का एक हिस्सा है?

1. 5' GTAGCGTAGCAGTAGTTAAGCGCTTAAGCU 3'
2. 5' AUUCUUGACGAUUAACGCGCAUAACCAUC 3'
3. 5' GUUUUCCCUAAAAUUUUGAGACCCCAUAG 3'
4. 5' UAGGGGUUUUUGCCUCCAACUGACUCCUA 3'

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | A1 : 1<br>1<br>A2 : 2<br>2<br>A3 : 3<br>3<br>A4 : 4<br>4 | | |

Objective Question


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 73 | 703273 | Which one of the following options correctly depicts the stereo-conformation of the dipeptide derivative of Aspartic acid and Phenylalanine? | 4.0 | 1.00 |




1. L-Aspartyl-L-phenylalanine methyl ester
2. D-Aspartyl-L-phenylalanine methyl ester
3. D-Aspartyl-D-phenylalanine methyl ester
4. L-Aspartyl-D-phenylalanine methyl ester

Adda247

निम्न में से कौन सा विकल्प नीचे दर्शाये गए एस्पार्टिक अम्ल और फिनाइलएलानीन के द्वि-पेप्टाइड व्युत्पन्न के त्रिविम-संरूपण (स्टीरियो कॉनफॉरमेसन) को सही रूप से प्रदर्शित करता है?




1. L-एस्पार्टिल-L-फिनाइलएलानीन मिथाइल एस्टर
2. D-एस्पार्टिल-L-फिनाइलएलानीन मिथाइल एस्टर
3. D-एस्पार्टिल-D-फिनाइलएलानीन मिथाइल एस्टर
4. L-एस्पार्टिल-D-फिनाइलएलानीन मिथाइल एस्टर

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Adda247

Objective Question

| | | | |
|---|---|---|---|
| 74 | 703274 | 4.0 | 1.00 |

Given below are inhibitors of electron transport (Column X) and their target enzymes (Column Y)

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| Inhibitors of electron transport | | Respiratory chain complex enzymes | |
| A | Dicyclohexylcarbodiimide and Oligomycin | i | NADH coenzyme Q reductase |
| B | Rotenone and Demerol | ii | ATP Synthase |
| C | Thenoyltrifluroacetone and Carboxin | iii | Succinate coenzyme Q reductase |
| D | Cyanide and Azide | iv | Cytochrome c oxidase |

Which one of the following options represents all correct matches between **Column X** and **Column Y?**

1. A (iii); B (iv); C (i); D (ii)
2. A (ii); B (i); C (iii); D (iv)
3. A (iv); B (ii); C (i); D (iii)
4. A (i); B (iii); C (iv); D (ii)

स्तंभ X में इलेक्ट्रान परिवहन तंत्र के संदमक और स्तंभ Y में इनसे बाधित श्वसन शृंखला संकुल के एन्ज़ाइमों को दिया गया है।

| स्तंभ X | | स्तंभ Y | |
|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रान परिवहन तंत्र के संदमक | | श्वसन शृंखला संकुल के एन्ज़ाइम | |
| A | डाईसाइक्लोहेक्जिल कार्बोडीमाइड और ऑलिगोमाइसीन | i | NADH सह-एन्ज़ाइम Q अपचायक (रिडक्टेज) |
| B | रोटिनोन और डेमेरॉल | ii | ATP सिंथेज |
| C | थेनॉइलट्राइफ्लोरोएसीटोन और कार्बोक्सिन | iii | सक्सिनेट सह-एन्ज़ाइम Q अपचायक |
| D | सायनाइड और एजाइड | iv | साइटोक्रोम c ऑक्सीडेज |

निम्न में से कौन सा विकल्प स्तंभ X और स्तंभ Y के मध्य सभी सही मिलानों को निरूपित करता है?

1. A (iii); B (iv); C (i); D (ii)
2. A (ii); B (i); C (iii); D (iv)
3. A (iv); B (ii); C (i); D (iii)
4. A (i); B (iii); C (iv); D (ii)

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

75 703275 4.0 1.00

Newly identified proteins X, Y, and Z are associated with endoplasmic reticulum (ER) membrane fraction. The above ER membrane fraction is subjected to high salt treatment (buffer pH 7.4, 0.5 M KCl) followed by fractionation by centrifugation into soluble and insoluble pellet components. The following observations were made from the above experiment:

i. The proteins X and Y are fractionated into soluble components.
ii. Protein Z is fractionated into insoluble pellet components.

Based on these observations, the following inferences are made:

A. Proteins X and Y are peripheral membrane proteins
B. Protein Z is an integral membrane protein
C. Protein Z is a peripheral membrane protein
D. Proteins X and Y are integral membrane proteins.

Which one of the following options represents the combination of all correct statements?

1. A and B
2. B and C
3. A and C
4. B and D

तीन नए खोजे गए प्रोटीन X, Y, और Z हैं जो अंतःप्रद्रव्यी जालिका (ER) की झिल्ली वाले अंश से जुड़े हुए हैं । ER की झिल्ली वाले इस अंश को उच्च लवणता वाले बफर (buffer pH 7.4, 0.5 M KCl) से उपचारित किए जाने के बाद अपकेन्द्रण द्वारा प्रभाजित कर विलेय और अविलेय घटकों में पृथक कर लिया जाता है। उपर्युक्त प्रयोग से निम्नलिखित प्रेक्षण प्राप्त किए गए:

i. प्रोटीन X और Y प्रभाजन से विलेय घटक वाले अंश में मिले ।
ii. प्रोटीन Z प्रभाजन से अविलेय घटक वाले अंश में मिला ।

इन प्रेक्षणों के आधार पर निम्नलिखित परिणाम निकाले गए:

A. प्रोटीन X और Y झिल्ली से बँधे परिधीय (पेरिफेरल) प्रोटीन हैं ।
B. प्रोटीन Z झिल्ली से बँधा हुआ अंगीकृत (इंटिग्रल) प्रोटीन हैं ।
C. प्रोटीन Z झिल्ली से बँधा हुआ एक परिधीय प्रोटीन हैं ।
D. प्रोटीन X और Y झिल्ली से बँधे अंगीकृत प्रोटीन हैं ।

निम्न में से कौन सा विकल्प सभी सही कथनों के संयोजन को निरूपित करता है ?

1. A और B
2. B और C
3. A और C
4. B और D

A1: 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3


A4 : 4

4

Objective Question

76 703276 4.0 1.00

The melting curves shown below are of two double-stranded DNA molecules of the same length.





Which one of the following statements about these DNA molecules is correct?

1. DNA1 has a lower AT content than DNA2
2. DNA1 has a lower GC content than DNA2
3. The DNA1 solution has a sequence-independent dsDNA binding protein
4. DNA2 has a high number of mismatched nucleotides

Adda247

नीचे चित्र में समान लंबाई वाले DNA के दो द्विकुंडलित अणुओं के गलन वक्र (मेल्टिंग कर्व) को दर्शाया गया है।




इन DNA अणुओं के विषय में निम्न में से कौन सा कथन सही है?

1. DNA1 में AT की मात्रा DNA2 से कम है।
2. DNA1 में GC की मात्रा DNA2 से कम है।
3. DNA1 विलयन में अनुक्रम-स्वतंत्र द्वि-कुंडलित DNA से बँधने वाली प्रोटीन है ।
4. DNA2 के अनुक्रम में बेमेल (मिसमैच) न्यूक्लियोटाइड की अधिक संख्या है।

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 77 | 703277 | Following statements were made about supercoiling of DNA: | 4.0 | 1.00 |

A. DNA supercoiling acts as a regulator of gene expression, but not for genome organization.
B. Circular DNAs found in mitochondria, viruses and bacteria are invariably negatively supercoiled.
C. A moving RNA polymerase generates positive superhelical tension in the DNA in front of it, and negative helical tension behind it.
D. Human topoisomerase I cuts both the strands of supercoiled DNA to undergo a controlled rotation to relax the supercoiled DNA.
E. Human topoisomerase II makes a transient break in single strands of a DNA duplex which rotates around a phosphodiester bond in the intact strand to relax the supercoiled DNA.

Which one of the following options is a combination of all correct statements?

1. A, B, D
2. B, C, E
3. A and E only
4. B and C only

DNA की अति-कुंडलन (सुपरक्वायलिंग) के विषय में निम्नलिखित कथन दिए गए हैं:

A. DNA अति-कुंडलन जीन प्रकटन के नियामक का कार्य करती है परंतु जीनोम संगठन का नहीं।

B. सूत्रकणिका, विषाणु और जीवाणु में पाए जाने वाले चक्रीय DNAs प्रायः ऋणात्मक अति-कुंडलन दर्शाते हैं।

C. एक चलायमान RNA पॉलीमेरेस, DNA पर अपने आगे एक धनात्मक और अपने पीछे एक ऋणात्मक अति-कुंडलन तनाव उत्पन्न करता है ।

D. मानव टोपोआइसोमेरेज-I अति-कुंडलित DNA को दोनों रज्जुओं (स्ट्रैंड्स) पर काट कर तथा एक नियंत्रित घूर्णन से DNA को अति-कुंडलन तनाव से मुक्त करता है।

E. मानव टोपोआइसोमेरेज-II द्विकुंडलित DNA के किसी एक रज्जु को अस्थायी रूप से काट कर दूसरी कुंडली के फॉस्फोडाईएस्टर बंध के चारों ओर DNA घूर्णन से अति-कुंडलित DNA को तनाव मुक्त करता है।

निम्न में से कौन सा विकल्प सभी सही कथनों के संयोजन को निरूपित करता है?

1. A, B, D

2. B, C, E

3. केवल A और E

4. केवल B और C

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Adda247

Objective Question

78 703278 4.0 1.00

Microtubule cytoskeleton utilizes some accessory proteins to regulate microtubule dynamics. Accessory proteins are given in column X and their typical functions in column Y.

| Accessory protein (Column X) | | Function (Column Y) | |
|---|---|---|---|
| A. | γ-TuRC | (i) | stabilizes plus end, promotes rapid microtubule growth |
| B. | XMAP215 | (ii) | helps in microtubule branching |
| C. | Katanin | (iii) | nucleates assembly and remains associated with the minus end |
| D. | Augmin | (iv) | severs microtubules |

Which one of the following options represents all correct matches between Column X and Column Y?

1. A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
2. A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
3. A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
4. A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii)

सूक्ष्मनलिका (माइक्रोट्यूब्यूल्स) वाले कोशिकापंजर कुछ सहायक प्रोटीनों का उपयोग करके सूक्ष्मनलिकाओं की गतिकी को नियमित करते हैं । स्तंभ X में सहायक प्रोटीनों और स्तंभ Y में उनके प्रारूपिक कार्य दिए गए हैं ।

| सहायक प्रोटीन (स्तंभ X) | | कार्य (स्तंभ Y) | |
|---|---|---|---|
| A. | γ-TuRC | (i) | धन शिरे को स्थायी करता है और सूक्ष्मनलिकाओं की त्वरित वृद्धि को बढ़ावा देता है। |
| B. | XMAP215 | (ii) | सूक्ष्मनलिकाओं को शाखा बनाने में सहायता प्रदान करता है । |
| C. | कैटानीन | (iii) | एकत्रण (असेंबली) को प्रारंभ करता है और ऋण शिरे से जुड़ा रहता है । |
| D. | ऑग्मिन | (iv) | सूक्ष्मनलिकाओं को तार-तार कर देता है । |

निम्न में से कौन सा विकल्प स्तम्भ X और स्तम्भ Y के बीच सभी सही मिलानों को निरूपित करता है?

1. A-(i), B-(ii), C-(iv), D-(iii)
2. A-(iii), B-(i), C-(iv), D-(ii)
3. A-(iii), B-(ii), C-(iv), D-(i)
4. A-(ii), B-(i), C-(iv), D-(iii)

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

79 703279 4.0 1.00

During metaphase to anaphase transition, complete removal of cohesin allows sister chromatids to separate and move to opposite poles of the spindle. Given below are a few proteins/protein complexes involved in mitotic progression.

A. Cdc20
B. APC/C
C. Separase
D. CyclinA

Which one of the following options represents the protein(s)/protein complexes involved in cohesin removal at the onset of anaphase during mitosis?

1. C only
2. A only
3. A, B, and C
4. B, C, and D

Adda247

मध्यावस्था से पश्चावस्था में संक्रमण के दौरान कोहेसिनों का सम्पूर्ण निष्कासन (रिमूवल) सिस्टर क्रोमैटिड्स को विलग कर उन्हें तर्कु (स्पिन्डल) के विपरीत ध्रुवों की ओर जाने की अनुमति देते है। नीचे कुछ प्रोटीन/प्रोटीनों के संकुल दिए गए हैं जो समसूत्री विभाजन की प्रक्रिया को बढ़ाए रखने में सम्मिलित है।

A. Cdc20
B. APC/C
C. सेपरेज
D. साइक्लीन A

निम्न में से कौन सा विकल्प उन सभी प्रोटीन/प्रोटीनों के संकुल को दर्शाता है जो पश्चावस्था के प्रारंभ में कोहेसिन निष्कासन में सम्मिलित हैं?

1. केवल C
2. केवल A
3. A, B, और C
4. B, C, और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

80 703280 4.0 1.00

The critical micellar concentration (CMC) of a detergent is 5 mM. Choose the option that uses the minimum amount of detergent that can be used for cell lysis and is least likely to denature soluble proteins?

1. 0.5 mM
2. 10 mM
3. 6 mM
4. 2.5 mM

किसी अपमार्जक की क्रांतिक मिसेली सांद्रता (CMC) 5 mM है। उस विकल्प का चुनाव कीजिए जो इस अपमार्जक की उस न्यूनतम सांद्रता को दर्शाता है जिससे कोशिका-लयन तो होता है परंतु विलेय प्रोटीनों के विकृतीकरण की संभावना सबसे कम होती है?

1. 0.5 mM
2. 10 mM
3. 6 mM
4. 2.5 mM

Adda247

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

81 703281 4.0 1.00

Protein transport into the ER is co-translational and proteins are inserted via an aqueous channel into the ER. This can be studied using microsomes in an in vitro translation set up. Statements given below are possible outcomes when salt conductance is measured in this system.

A. Microsomes do not show any conductance of salt ions when isolated from the cells.
B. Addition of puromycin will lead to increased salt conductance.
C. Addition of puromycin will have no effect on salt conductance.

Which one of the following options has the combination of all correct statements?

1. A only
2. A and B
3. B only
4. A and C

प्रोटीनों का अन्तःप्रद्रव्यी जालिका (ER) में परिवहन एक सह-स्थानांतरीय (को-ट्रांसलेसनल) घटना है जहाँ प्रोटीनों का जलीय चैनलों द्वारा ER में अंतर्वेशन किया जाता है । इसका अध्ययन सूक्ष्मकायों (माइक्रोसोम्स) का उपयोग कर एक पात्रे (इन विट्रो) स्थानांतरण अभिक्रिया में किया जा सकता है। इस तंत्र में जब लवण चालकता (साल्ट कंडक्टेन्स) का मापन किया जाता है तो उनके संभावित परिणामों के विषय में कुछ कथन दिए गए हैं ।

A. सूक्ष्मकाय जब कोशिकाओं से विलगित किए जाते हैं तो वो लवण आयनों के प्रति चालकता नहीं दर्शाते।
B. प्यूरोमाइसिन मिलाने पर लवण चालकता बढ़ जाती है ।
C. प्यूरोमाइसिन मिलाने पर लवण चालकता अप्रभावित रहती है ।

निम्न में से किस विकल्प में सभी सही कथनों का संयोजन है ?

1. केवल A
2. A और B
3. केवल B
4. A और C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

Adda247

A4: 4

4

Objective Question

82 703282 4.0 1.00

Following statements were made for fragile X syndrome:

A. It is caused due to increased numbers of CGG trinucleotide (>200 repeats) in the 5′ UTR of FMR1 genes.

B. Unaffected people do not show any CGG repeats in the 5′ UTR of the FMR1 gene.

C. Expanded numbers of CGG repeats in 5′ UTR of FMR1 transcripts causes its premature degradation.

D. Expansion over 200 repeats leads to methylation of the FMR1 promoter.

E. Fragile appearance of X chromosome develops due to dissociation of non-histone proteins from the FMR1 locus.

Which one of the following options provides combination of all correct statements?

1. A, B and E
2. B, C and E
3. A and E only
4. A and D only

निम्नलिखित कथन भंगुर (फ्रेजाइल) X सिंड्रोम के विषय में दिए गए हैं:

A. यह FMR1 जीन के 5′ UTR क्षेत्र में CGG त्रि-न्यूक्लियोटाइड (>200 दुहराव) की संख्या में वृद्धि के कारण होता है।

B. अप्रभावित व्यक्तियों के FMR1 जीन के 5′ UTR क्षेत्र में कोई CGG दुहराव नहीं पाया जाता है ।

C. FMR1 अनुलेखों (ट्रांस्क्रिप्ट) के 5′ UTR क्षेत्र में CGG दुहराव की विस्तारित संख्या इसका असामयिक विघटन करता है ।

D. दुहरावों का 200 से ऊपर विस्तार FMR1 के उन्नायक (प्रमोटर) का मिथाइलीकरण कर देता है ।

E. X गुणसूत्र के भंगुर रूप का विकास FMR1 विस्थल से नॉन-हिस्टोन प्रोटीनों के वियोजन के कारण होता है ।

निम्न में से किस विकल्प में सभी सही कथनों का संयोजन है ?

1. A, B और E
2. B, C और E
3. केवल A और E
4. केवल A और D

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4


Adda247

4

Objective Question

83 703283 4.0 1.00


The following DNA molecules are provided as substrates for replication by DNA polymerase III.




Which one of the following options lists the molecules that **CANNOT** function as substrates for DNA polymerase III?

1. A and C
2. B and D
3. C and D
4. C only

निम्न DNA अणुओं का उपयोग DNA पॉलीमेरेज III से प्रतिकृतियन (रेपलिकेसन) के लिए क्रियाधार के रूप में किया गया है।




निम्न में से कौन सा विकल्प उन अणुओं को सूचित करता है जो DNA पॉलीमेरेज III के लिए क्रियाधार का कार्य **नहीं** कर सकते ?

1. A और C
2. B और D
3. C और D
4. केवल C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

84 703284 4.0 1.00

Adda247

Various types of processed eukaryotic endogenous mRNA are mentioned below:

A. Unspliced and polyadenylated mRNA.

B. Polyadenylated and capped, unspliced mRNA.

C. Polyadenylated, spliced, capped mRNA.

D. Spliced, uncapped, polyadenylated mRNA.

Choose the option that identifies all the mRNA species that can be exported to the cytosol.

1. A, B, C and D
2. B, C, D only
3. C only
4. B only

सुकेन्द्रकीय जीवों के प्रसंस्कृत (प्रासेस्ड) अन्तर्जात (एंडोजीनस) mRNA के विभिन्न प्रकारों को नीचे बताया गया है:

A. असंबद्ध (अन-स्प्लाइस्ड) और पॉली-एडिनाइलेटेड mRNA

B. पॉली-एडिनाइलेटेड और आच्छादित, असंबद्ध mRNA

C. पॉली-एडिनाइलेटेड, संबद्ध, आच्छादित mRNA

D. संबद्ध, अनाच्छादित, पॉली-एडिनाइलेटेड mRNA

उस विकल्प का चुनाव कीजिए जो उन सभी mRNA प्रजातियों की पहचान करता है जो कोशिका-द्रव में निर्यात किए जा सकते हैं ।

1. A, B, C और D
2. केवल B, C, और D
3. केवल C
4. केवल B

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4


4

Adda247

Objective Question

85 703285 4.0 1.00

The eukaryotic mRNA shown schematically in the diagram below has five ribosomes carrying out translation.




Which one of the following statements about this polyribosome complex is true?

1. The mRNA was being transcribed when the first ribosome started translation.
2. Ribosome 5 is nearest to the initiation codon.
3. The polypeptide attached to ribosome 4 is longer than that attached to ribosome 3.
4. All the ribosomes have incorporated the carboxyl-terminal amino acid.

किसी सुकेन्द्रकीय mRNA को योजनाबद्ध तरीके से नीचे चित्र में दर्शाया गया है जहां पाँच राइबोसोम स्थानांतरण (ट्रांसलेसन) की प्रक्रिया को जारी रखे हैं ।




निम्नलिखित में से कौन सा कथन इस पॉलीराइबोसोम संकुल के विषय में सही है?

1. इस mRNA का अनुलेखन जारी था जब राइबोसोम 1 ने अनुवादन प्रारंभ कर दिया ।
2. राइबोसोम 5 प्रारम्भन प्रकूट (इनिसिएसन कोडॉन) के सबसे निकट है ।
3. राइबोसोम 4 से बँधा हुआ पॉलीपेप्टाइड, राइबोसोम 3 से बँधे पॉलीपेप्टाइड से बड़ा है ।
4. सभी राइबोसोम्स ने कार्बोक्सी-टर्मिनल वाले अमीनो अम्ल को समावेशित (इनकार्पोरेट) कर लिया है।

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

86 703286 4.0 1.00

Following statements are made about DNA base excision repair (BER):

A. BER process begins with a DNA glycosylase, which extrudes a base in a damaged base pair, then clips out the damaged base.

B. In bacteria, DNA polymerase III fills in the missing nucleotide in BER.

C. Eukaryotic apurinic/apyrimidinic (AP) endonuclease (APE1) performs proofreading activities.

D. APE1 possesses 5'→3' exonuclease activity.

Which one of the following options shows combination of all correct statements?

1. A, B and D
2. A and C only
3. A and D only
4. B and C only

निम्नलिखित कथन DNA के क्षार उच्छेदीक्षति सुधार (बेस एक्सीजन रिपेयर, BER) के विषय में दिए गए हैं:

A. BER प्रक्रिया की शुरुआत DNA ग्लाइकोसिलेज से होती है, जो पहले क्षतिग्रस्त क्षार युग्म से क्षार को बहिर्वेधित (एक्सड्रड) कर क्षतिग्रस्त क्षार को छाँट कर बाहर कर देता है ।

B. जीवाणुओं की BER प्रक्रिया में, DNA पॉलीमेरेज III रिक्त स्थान के अनुपस्थित न्यूक्लियोटाइड को भर देता है ।

C. सुकेन्द्रकीय एप्युरिनिक/एपिरिमिडीनिक (AP) अंतःन्यूक्लियएज (APE1) प्रूफ-वाचन क्रिया को संपादित करता है ।

D. APE1 एन्ज़ाइम में 5′→3′ एक्सोन्यूक्लियएज क्रियाशीलता होती है ।

निम्न में से कौन सा विकल्प सभी सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. A, B और D
2. केवल A और C
3. केवल A और D
4. केवल B और C

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 87 | 703287 | | 4.0 | 1.00 |

Adda247

Two teams of researchers (I and II) extracted chromatin from nuclei and examined them with an electron microscope. The Team I found that isolated chromatin resembles beads on a string. In contrast, Team II found that isolated chromatin appears as a condensed fiber of 30 nm in diameter

Given below are a few reasons for these different outcomes.

A. Team I isolated the chromatin with low-ionic-strength buffer, and Team II isolated chromatin with an ionic strength of ~0.15M KCl (physiological ionic strength).

B. Team I isolated the chromatin with ~0.15M KCl and Team II did it with a low-ionic-strength buffer.

C. For Team II, the nuclear isolation method was not appropriate, and they had contamination from the cytoplasmic pool, leading to the appearance of the chromatin as a condensed fiber.

D. Team I chromatin got sheared during isolation, thus giving the appearance of beads on a string.

Among the statements given above, which statement/s most appropriately defines the divergent outcomes of Team I and Team II?

1. A only
2. B only
3. C and D
4. B and D

Adda247

शोधकर्ताओं के दो समूहों (I और II) ने केन्द्रक से क्रोमैटिन को निकाल कर उसकी जाँच इलेक्ट्रान सूक्ष्मदर्शी से की। पहले समूह ने पाया कि विलगित क्रोमैटिन किसी धागे पर मोती जैसा दिखाई देता है। इसके विपरीत, दूसरे समूह को विलगित क्रोमैटिन 30 nm व्यास के एक संघनित तन्तु जैसा दिखा।

इन विभिन्न प्रेक्षणों के कारणों की कुछ व्याख्याएं नीचे दी गई हैं ।

A. पहले समूह ने क्रोमैटिन को न्यून-आयनिक क्षमता वाले बफर से जबकि दूसरे समूह ने ~0.15 M KCl (कार्यिकीय आयनिक क्षमता) आयनिक क्षमता वाले बफर से विलगित किया।

B. पहले समूह ने ~0.15M KCl वाले बफर और दूसरे समूह ने न्यून-आयनिक क्षमता वाले बफर से क्रोमैटिन को विलगित किया ।

C. दूसरे समूह द्वारा केन्द्रक विलगन का तरीका उपयुक्त नहीं था और उनका क्रोमैटिन कोशिकाद्रव के अवयवों से दूषित था। इसके कारण क्रोमैटिन एक संघनित तन्तु जैसा दिखा ।

D. पहले समूह का क्रोमैटिन विलगन के दौरान कट-छँट गया जिसके कारण क्रोमैटिन का धागे पर मोतियों वाला रूप दिखाई पड़ा ।

उपरलिखित कथनों में से कौन सा/से कथन इन दो समूह के अपसारी प्रेक्षणों की सबसे सटीक रूप से व्याख्या करता है ?

1. केवल A
2. केवल B
3. C और D
4. B और D

| | |
|---|---|
| A1 : | 1 |
| | 1 |
| A2 : | 2 |
| | 2 |
| A3 : | 3 |
| | 3 |
| A4 : | 4 |
| | 4 |

Objective Question

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 88 | 703288 | | 4.0 | 1.00 |

Adda247

As depicted in the figure below, the sequence of trypanosomal mitochondrial cytochrome oxidase subunit II (COX II) mRNA does not match the sequence of the COX II gene. The mRNA contains four additional U's (highlighted) which are not represented by 'T's in the gene, and these four U's are presumably added to the RNA by editing.

*COX II* DNA: ···GTATAAAAGTAGA G A ACCTGG···

*COX II* RNA: ···GUAUAAAAGUAGAUUGUAUACCUGG···

The following statements were made about RNA editing:

A. RNA editing can add or remove U's from the target mRNA.

B. Editing occurs in the 5' → 3' direction by successive action of one or more guide RNAs.

C. A terminal uridylyl transferase (TUTase) facilitates addition of extra UMPs (uridylates) to the mRNA during editing.

D. The proteins required for editing are encoded by the mitochondrial DNA, while the required guide RNAs are encoded in the nucleus and imported into the mitochondria.

Which one of the following options shows the combination of all correct statements?

1. A and B
2. A and C
3. B and C
4. B and D

जैसा कि नीचे चित्र में दर्शाया गया है, ट्रिपैनोसोमीय सूत्रकणिकीय साइटोक्रोम ऑक्सीडेज उपघटक II (COX II) के mRNA का अनुक्रम COX II जीन के अनुक्रम से मेल नहीं खा रहा है। mRNA में चार अतिरिक्त U's (चिन्हांकित) हैं जो जीन में 'T's से निरूपित नहीं हैं, संभवतः ये चार U's RNA सम्पादन के समय जुड़ गए ।

*COX II* DNA: ···GTATAAAAGTAGA G A ACCTGG···

*COX II* RNA: ···GUAUAAAAGUAGAUUGUAUACCUGG···

RNA सम्पादन के विषय में निम्नलिखित कथन दिए गए है:

A. RNA सम्पादन लक्ष्य (टारगेट) mRNA में U's जोड़ या घटा सकता है ।

B. सम्पादन, एक या उससे अधिक मार्गदर्शक RNAs की उत्तरोत्तर क्रिया से 5' → 3' दिशा में होता है।

C. छोरीय (टर्मिनल) युरिडाइलिल ट्रांसफरेज (TUTase) सम्पादन के दौरान अतिरिक्त UMPs (युरिडाइलेट्स) का mRNA से जुड़ने की सुविधा प्रदान करता है ।

D. सम्पादन के लिए आवश्यक प्रोटीन सूत्रकणिकीय DNA से बनते हैं जबकि आवश्यक मार्गदर्शी RNAs केन्द्रक में बनते हैं और सूत्रकणिका में आयात किए जाते हैं ।

निम्न में से कौन सा विकल्प सही कथनों के संयोजन को दर्शाता है?

1. A और B
2. A और C
3. B और C
4. B और D

A1: 1

1

A2: 2

Adda247

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

89 703289 4.0 1.00

Column X enlists some of the common animal viruses and column Y enlists cell surface proteins that serve as their receptors.

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A. | Hepatitis A virus | i. | Immunoglobulin superfamily |
| B. | Rotavirus | ii. | Acetylcholine receptor on neurons |
| C. | Polio virus | iii. | Alpha 2-macroglobulin |
| D. | Rabies virus | iv. | Acetylated sialic acid on glycoprotein |

Which one of the following options represents the correct match between columns X and Y?

1. A-iii, B-iv, C-i, and D-ii
2. A-i, B-ii, C-iii, and D-iv
3. A-ii, B-iii, C-iv and D-i
4. A-iv, B-i, C-ii and D-iii

स्तंभ X जन्तुओं के विषाणु और स्तंभ Y कोशिका की सतह के प्रोटीन जो उनके ग्राहियों का कार्य करते हैं को सूचीबद्ध करते हैं ।

| स्तंभ X | | स्तंभ Y | |
|---|---|---|---|
| A. | हिपेटाइटिस A विषाणु | i. | इम्यूनोग्लोबुलिन अधिकुल (सुपरफैमिली) का ग्राही |
| B. | रोटा विषाणु | ii. | तंत्रिकाओं पर एसीटिलकोलिन ग्राही |
| C. | पोलियो विषाणु | iii. | एल्फा 2-वृहतग्लोबुलिन (मैक्रोग्लोबुलिन) |
| D. | रेबीस विषाणु | iv. | ग्लाइकोप्रोटीन पर एसिटलीकृत सियालीक अम्ल |

निम्न में से कौन सा विकल्प स्तंभों X और Y के मध्य सही मिलान को दर्शाता है?

1. A-iii, B-iv, C-i, और D-ii
2. A-i, B-ii, C-iii, और D-iv
3. A-ii, B-iii, C-iv और D-i
4. A-iv, B-i, C-ii और D-iii

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

90 703290 4.0 1.00

The table below summarizes various Hormones (in Column X) and induced cell responses mediated by them via Cyclic AMP (in Column Y).

| Hormone (Column X) | | Major Response (Column Y) | |
|---|---|---|---|
| (A) | Epinephrine | (i) | Increasing heart contraction |
| (B) | Vasopressin | (ii) | Progesterone secretion |
| (C) | Glucagon | (iii) | Water resorption |
| (D) | Luteinizing hormone | (iv) | Glycogen breakdown |
| (E) | Parathyroid hormone | (v) | Bone resorption |

Match all correct combinations from the options given below:

1. A-i; B-v; C-iv; D-ii; E-iii
2. A-iv; B-iii; C-iv; D-ii; E-v
3. A-iv; B-v; C-i; D-ii; E-iii
4. A-iv; B-v; C-iv; D-i; E-iii

नीचे दी गई सारिणी में विभिन्न हॉर्मोनों (स्तंभ X में) और उनसे उत्प्रेरित चक्रीय AMP द्वारा माध्यित कोशिकीय अनुक्रियाओं को (स्तंभ Y में) सूचीबद्ध किया गया है ।

| हॉर्मोन (स्तंभ X) | | प्रमुख अनुक्रिया (स्तंभ Y) | |
|---|---|---|---|
| (A) | एपिनेफ्रिन | (i) | हृद संकुचन में वृद्धि |
| (B) | वैसोप्रेसिन | (ii) | प्रोजेस्टेरोन का स्रावण |
| (C) | ग्लूकॉगॉन | (iii) | जल का पुनःशोषण |
| (D) | ल्यूटिनाइजिंग हॉर्मोन | (iv) | ग्लाइकोजन का विखंडन |
| (E) | पैराथाइरॉयड हॉर्मोन | (v) | अस्थियों का पुनःशोषण |

निम्न में से कौन सा विकल्प सभी सही मिलानों के संयोजन को प्रस्तुत करता है ?

1. A-i; B-v; C-iv; D-ii; E-iii
2. A-iv; B-iii; C-iv; D-ii; E-v
3. A-iv; B-v; C-i; D-ii; E-iii
4. A-iv; B-v; C-iv; D-i; E-iii

A1: 1

1

A2: 2

2

A3: 3

3

A4: 4

4

Objective Question

91 703291 4.0 1.00

Changes in cancer-critical genes/proteins in different human tumours were analyzed. Gene amplification or deregulation leads to increased expression (X) while mutations, deletions, or recombination leads to inactivation (Y).

| Column X | | Column Y | |
|---|---|---|---|
| A | E-cadherin, Smad4, Ras, Myc | i | PTEN, APC, AKT, Her2 |
| B | AKT, Ras, Myc, Her2 | ii | PTEN, E-cadherin, APC, Smad4 |
| C | AKT, Ras, Myc, Smad4 | iii | PTEN, E-cadherin, APC, Her2 |
| D | E-cadherin, AKT, Ras, Myc | iv | Her2, PTEN, APC, Smad4 |

Which combination of X and Y is most likely to be found in the tumours?

1. A-i
2. B-ii
3. C-iii
4. D-iv

मनुष्य के विभिन्न अर्बुदों (ट्यूमर) में कर्क रोग के क्रांतिक जीनों/प्रोटीनों का विश्लेषण किया गया। जीन के प्रवर्द्धन या विनियमन (डिरेगुलेसन) के कारण उनका अधिक प्रकटन होना (स्तंभ X में) जबकि उत्परिवर्तन, विलोपन या पुनर्संयोजन से उनका निष्क्रियकरण (स्तंभ Y में) सूचीबद्ध है ।

| स्तंभ X | | स्तंभ Y | |
|---|---|---|---|
| A | E-cadherin, Smad4, Ras, Myc | i | PTEN, APC, AKT, Her2 |
| B | AKT, Ras, Myc, Her2 | ii | PTEN, E-cadherin, APC, Smad4 |
| C | AKT, Ras, Myc, Smad4 | iii | PTEN, E-cadherin, APC, Her2 |
| D | E-cadherin, AKT, Ras, Myc | iv | Her2, PTEN, APC, Smad4 |

निम्न में से X और Y के किस युग्म की अर्बुदों में पाए जाने की संभावना सबसे अधिक है?

1. A-i
2. B-ii
3. C-iii
4. D-iv

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

92 703292 4.0 1.00

Adda247

Apart from the interaction of antigenic peptide with the TCR-CD3 complex (signal 1), T-cell activation requires another signal termed as "Co-stimulatory signal" (signal 2). Given below are a few statements regarding the co-stimulatory signal.

A. All three professional antigen-presenting cells (dendritic cells, macrophages, and B cells) possess the same capacity in respect to delivering the co-stimulatory signal.
B. Co-stimulatory signals are not antigen-specific.
C. The principal co-stimulatory molecules expressed on antigen presenting cells are B7-1 and B7-2.
D. Unlike B7, CD28, the ligand for B7 which is expressed on T cells, is not a member of immunoglobulin superfamily.

Which of the above statement(s) is/are **NOT** true?

1. C only
2. B and C
3. A and D
4. B only

TCR-CD3 संकुल के प्रतिजनिक पेप्टाइड से अन्योन्यक्रिया के अलावा (संकेत 1), T-कोशिका के सक्रियण को अन्य संकेत जिसे "सह-उद्दीपक (को-स्टिमुलेटरी) संकेत" (संकेत 2) कहते हैं, की आवश्यकता होती है। इस सह- उद्दीपक संकेत के विषय में कुछ कथन नीचे दिए गए हैं ।

A. तीनों दक्ष प्रतिजन-प्रदर्शक कोशिकाएं (डेंड्राइटिक कोशिका, वृहतभक्षकाणु और B-कोशिका) सह-उद्दीपक संकेत देने में एक समान क्षमता रखती हैं ।
B. सह-उद्दीपक संकेत प्रतिजन-विशिष्ट नहीं होता है।
C. प्रतिजन-प्रदर्शक कोशिकाओं पर प्रकटित प्रमुख सह-उद्दीपक अणु B7-1 और B7-2 हैं ।
D. B7 के विपरीत, T-कोशिकाओं पर प्रकटित CD28, जो B7 के लिए संलग्नी है, इम्यूनोग्लोबुलिन अधिकुल का सदस्य नहीं है ।

उपर्युक्त कौन सा/से कथन **असत्य** हैं ?

1. केवल C
2. B और C
3. A और D
4. केवल B

A1 : 1

1

A2 : 2

2

A3 : 3

3

A4 : 4

4

Objective Question

| | | | |
|---|---|---|---|
| 93 | 703293 | 4.0 | 1.00 |

The following steps/events represent the pathway of presenting extracellular pathogen to cytotoxic T cells:

A. Fusion of endosome membrane with the virus and escape of RNA and protein in the cytosol.
B. Assembly of class I MHC protein with bound viral peptide in Golgi apparatus.
C. Proteolysis of viral proteins by the proteasome.
D. Binding of the peptide to α chain and stabilization of the assembly of α chain and $\beta_2$-microglobulin.
E. Recognition of viral peptide by cytotoxic T cell.

